रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Test Date	17/12/2025
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Science**

Q.1 पादप कोशिका भित्ति का प्राथमिक अवयव क्या है?

Ans
- ✗ A. क्यूटिन (Cutin)
- ✗ B. सुबेरिन (Suberin)
- ✗ C. लिग्निन (Lignin)
- ✓ D. सेल्यूलोज (Cellulose)

Q.2 अनुरणन क्या है?

Ans
- ✗ A. ध्वनि के तारत्व में परिवर्तन होना
- ✗ B. वायु में ध्वनि ऊर्जा का ह्रास होना
- ✗ C. सभी दिशाओं में ध्वनि का प्रसार होना
- ✓ D. ध्वनि तरंगों के बहुपरावर्तनों के कारण ध्वनि-निर्बंध होना

Q.3 मेरिस्टेमी ऊतक की कोशिकाओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
- ✗ A. ये शिथिल रूप से पैक, परिपक्व कोशिकाएं होती हैं जिनमें बृहत अंतरकोशिकीय स्थान होते हैं।
- ✗ B. ये मृत कोशिकाएं होती हैं जिनमें कोई केन्द्रक या कोशिकाद्रव्य नहीं होता है।
- ✓ C. ये सघन कोशिकाद्रव्य, पतली भित्तियों, प्रमुख केन्द्रकों तथा बिना रसधानियों वाली सक्रिय कोशिकाएं होती हैं।
- ✗ D. ये बृहत रसधानियों और मोटी भित्तियों के साथ निष्क्रिय होती हैं।

Q.4 निम्नलिखित में से कौन-से विटामिन, पोल्ट्री आहार में उच्च स्तर पर बनाए रखे जाते हैं ताकि इष्टतम वृद्धि और स्वास्थ्य को बढ़ावा मिले?

Ans
- ✗ A. विटामिन C और K
- ✓ B. विटामिन A, D और E
- ✗ C. विटामिन B1, B2, B3
- ✗ D. विटामिन B9 और B12

Q.5 निम्नलिखित में से कौन-सा घटक सर्किट आरेख में ज़िग-ज़ैग रेखा द्वारा दर्शाया जाता है?

Ans
- ✗ A. बैटरी
- ✓ B. प्रतिरोधक
- ✗ C. बल्ब
- ✗ D. स्विच

Q.6	रेखित पेशी के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
Ans	✗ A. इसे ऐच्छिक पेशी भी कहा जाता है
	✗ B. अधिकांशतः अस्थियों से जुड़ी होती हैं और शारीरिक संचलन में सहायता करती हैं
	✗ C. ये अंगों में उपस्थित होती हैं
	✓ D. प्रत्येक रेखित पेशी तंतु में एकल केंद्रक होता है

Q.7	एक बस बिंदु A से बिंदु B तक 6 km की दूरी 20 मिनट में तय करती है। बस बिंदु B से बिंदु A तक 30 मिनट में पहुंचती है। बस की औसत चाल m/s में कितनी है?
Ans	✗ A. 24
	✓ B. 4
	✗ C. 2400
	✗ D. 400

Q.8	जंतुओं के लिए मैथुन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए निम्नलिखित में से क्या आवश्यक है?
Ans	✓ A. शारीरिक परिपक्वता
	✗ B. वे लंबे होने चाहिए
	✗ C. उनकी आँखें आकर्षक होनी चाहिए
	✗ D. लैंगिक अपरिपक्वता

Q.9	निम्नलिखित में से कौन-सी धातु, ठंडे जल के साथ अत्यधिक तीव्रता से अभिक्रिया करती है?
Ans	✓ A. सोडियम
	✗ B. लोहा
	✗ C. तांबा
	✗ D. कोबाल्ट

Q.10	जब एक प्रकाश की किरण एक आयताकार कांच के स्लैब से गुजरती है, तो निर्गत किरण ____________ होती है।
Ans	✗ A. आपतित किरण के अनुदिश रेखा के समानांतर
	✓ B. आपतित किरण के समांतर लेकिन पार्श्व की ओर विस्थापित
	✗ C. आपतित किरण के लंबवत
	✗ D. बिना विस्थापन के अभिलंब की ओर मुड़ी हुई

Q.11	एक विद्युत बल्ब 240 V जनरेटर से जुड़ा है और 0.25 A धारा कर्षित करता है। बल्ब द्वारा खपत की गई शक्ति कितनी है?
Ans	✗ A. 960 W
	✓ B. 60 W
	✗ C. 60 J
	✗ D. 960 J

Q.12	आयन क्या है?
Ans	✗ A. एक प्रोटॉन
	✗ B. एक अणु
	✗ C. एक उदासीन परमाणु
	✓ D. एक परमाणु या परमाणुओं का समूह, जिसमें धनात्मक या ऋणात्मक आवेश हो

Q.13	जब वसा और तेल का ऑक्सीकरण होता है, तो उनमें एक गंध और स्वाद विकसित होता है, जो .... होता है।
Ans	✗ A. सुखद
	✗ B. मसालेदार
	✗ C. फल जैसा
	✓ D. विकृत गंधी

Q.14	द्रव्य के संबंध में उस विकल्प का चयन कीजिए, जिनके कणों के बीच पर्याप्त स्थान हो अथवा कण कसकर बंधे (tightly packed) न हों। लवण, आयरन, शर्करा
Ans	✗ A. आयरन और लवण दोनों
	✗ B. केवल शर्करा
	✗ C. केवल आयरन
	✓ D. शर्करा और लवण दोनों

Q.15	यदि किसी पृष्ठ पर लगने वाला प्रणोद नियत रहता है, तो संपर्क क्षेत्रफल के साथ दाब किस प्रकार परिवर्तित होता है?
Ans	✓ A. क्षेत्रफल घटने पर दाब बढ़ता है।
	✗ B. क्षेत्रफल घटने पर दाब घटता है।
	✗ C. क्षेत्रफल बढ़ने पर दाब बढ़ता है।
	✗ D. दाब, क्षेत्रफल पर निर्भर नहीं करता है।

Q.16	स्नेल का अपवर्तन नियम दिए गए माध्यम युग्म (pair of media) के लिए आपतन कोण और अपवर्तन कोण के बीच संबंध के बारे में क्या बताता है?
Ans	✗ A. सभी माध्यमों में दोनों कोण सदैव बराबर होते हैं।
	✗ B. इनका योग सदैव 90° होता है।
	✓ C. आपतन कोण की ज्या और अपवर्तन कोण की ज्या का अनुपात स्थिर रहता है।
	✗ D. उनका अंतर हमेशा स्थिर रहता है।

Q.17	निम्नलिखित में से कौन-सी धातु, निम्न घनत्व और मृदुता की विशेषता रखती है?
Ans	✓ A. पोटैशियम
	✗ B. मैग्नीशियम
	✗ C. ऐलुमिनियम
	✗ D. कॉपर

Q.18	यदि किसी पिंड का वेग दोगुना कर दिया जाए, तो उसकी गतिज ऊर्जा __________ हो जाती है।
Ans	✗ A. दोगुनी
	✗ B. आधी
	✓ C. चार गुनी
	✗ D. आठ गुनी

Q.19	पौधों में परागण बीज निर्माण में किस प्रकार योगदान देता है?
Ans	✗ A. बीजों को नए स्थानों पर फैलाकर
	✓ B. परागकोष से वर्तिकाग्र तक पराग स्थानांतरित करके, निषेचन को सक्षम बनाकर
	✗ C. बीजांड के चारों ओर एक सुरक्षात्मक बीज आवरण बनाकर
	✗ D. परागणकारियों को आकर्षित करने के लिए मकरंद का उत्पादन करके

Q.20	एक एथलीट 300 m व्यास वाले एक वृत्तीय ट्रैक पर दौड़ता है और 50 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है। यदि एथलीट 2 मिनट 30 सेकंड तक दौड़ता है, तो शुरुआती बिंदु से तय की गई कुल दूरी कितनी है? (π = 3.14 का प्रयोग करें)
Ans	✗ A. दूरी = 1500 m
	✗ B. दूरी = 942 m
	✗ C. दूरी = 471 m
	✓ D. दूरी = 2826 m

Q.21	निम्नलिखित में से कौन-सी अभिक्रिया, द्वि-विस्थापन अभिक्रिया का उदाहरण है?
Ans	✗ A. $CaCO_3 \rightarrow CaO + CO_2$
	✓ B. $AgNO_3 + NaCl \rightarrow AgCl + NaNO_3$
	✗ C. $2Mg + O_2 \rightarrow 2MgO$
	✗ D. $Zn + H_2SO_4 \rightarrow ZnSO_4 + H_2$

Q.22	कोयला और पेट्रोलियम संरक्षण के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
Ans	✓ A. इनके निर्माण में लाखों वर्ष लगते हैं।
	✗ B. ये ऊर्जा के नवीकरणीय संसाधन हैं।
	✗ C. ये प्रदूषण का कारण नहीं बनते हैं।
	✗ D. इनका निष्कर्षण सस्ता होता है।

Q.23	निम्नलिखित में से कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय मात्रक प्रणाली (SI) में मूल मात्रक नहीं है?
Ans	✗ A. सेकंड
	✗ B. किलोग्राम
	✗ C. मीटर
	✓ D. जूल

Q.24	अभिकथन (A) और कारण (R) से चिह्नित निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए। अभिकथन (A): नम हवा के संपर्क में आने पर लोहा लाल-भूरे रंग के पदार्थ से ढक जाता है। कारण (R): लोहे की नमी और ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया के कारण जंग बनता है।
Ans	✗ A. A सत्य है, लेकिन R असत्य है।
	✗ B. A और R दोनों सत्य हैं, तथा R, A की सही व्याख्या नहीं है।
	✓ C. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है।
	✗ D. A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

Q.25	यौन क्रिया के दौरान कुछ यौन संचारित संक्रमणों (STI) के संचरण को कैसे कम किया जा सकता है?
Ans	✗ A. हर यौन क्रिया से पहले एंटीबायोटिक्स लेने से
	✗ B. सभी व्यक्तियों के साथ शारीरिक संपर्क से बचकर
	✗ C. केवल दिन के समय ही यौन क्रियाकलापों में संलग्न होकर
	✓ D. संभोग के दौरान कंडोम जैसे सुरक्षा उपायों का उपयोग करके

Section : **Mathematics**

Q.26	DMART किराने की वस्तुओं पर 30 खरीदें, 11 मुफ़्त पाएं का ऑफर दे रहा है। DMART द्वारा दिया जा रहा शुद्ध छूट प्रतिशत कितना है? (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)
Ans	✓ A. 26.83%
	✗ B. 28.04%
	✗ C. 23.99%
	✗ D. 24.84%

Q.27	जूली अपनी पुत्री से 24 वर्ष बड़ी है। 6 वर्ष बाद, जूली की आयु उसकी पुत्री की आयु से दोगुनी हो जाएगी। जूली की वर्तमान आयु (वर्षों में) कितनी है?
Ans	✗ A. 48
	✗ B. 24
	✗ C. 30
	✓ D. 42

Q.28	राजधानी एक्सप्रेस और गरीब रथ एक्सप्रेस क्रमशः 87 km/hr और 51 km/hr की चाल से एक ही दिशा में चलती हैं, और उनकी लंबाई समान है। यदि राजधानी एक्सप्रेस 175 सेकंड में गरीब रथ एक्सप्रेस को पूरी तरह से पार कर जाती है, तो राजधानी एक्सप्रेस की लंबाई कितनी होगी?
Ans	✓ A. 875 m
	✗ B. 880 m
	✗ C. 867 m
	✗ D. 883 m

Q.29	किसी वस्तु की कीमत पहले सप्ताह में 5% कम हो जाती है और फिर दूसरे सप्ताह में 8% बढ़ जाती है। दूसरे सप्ताह के बाद कीमत में प्रभावी प्रतिशत वृद्धि कितनी है?
Ans	✓ A. 2.6%
	✗ B. 3%
	✗ C. 1.5%
	✗ D. 0.8%

Q.30	दो उम्मीदवारों वाले एक चुनाव में, पंजीकृत मतदाताओं में से 8% मतदाताओं ने मतदान नहीं किया और 120 मतदाताओं ने ब्लैंक मतपत्र (blank ballots) डाला। डाले गए मतों में, विजयी उम्मीदवार को सभी पंजीकृत मतदाताओं में से 48% मतदाताओं का मत प्राप्त हुआ और उसे दूसरे उम्मीदवार की तुलना में 780 मत अधिक मिले। सूची में कुल मतदाताओं की संख्या ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 15,690
	✗ B. 17,800
	✗ C. 14,840
	✓ D. 16,500

Q.31	$\sqrt{51-\sqrt{7}+\sqrt{11-4\sqrt{7}}}$ को सरल कीजिए।
Ans	✗ A. 10
	✗ B. 11
	✗ C. 5
	✓ D. 7

Q.32	$(1-\frac{1}{2})(1-\frac{1}{3})(1-\frac{1}{4})(1-\frac{1}{5})\ldots\ldots\ldots(1-\frac{1}{m})$ का मान .... है।
Ans	✗ A. $m+1$
	✗ B. $m-1$
	✗ C. m
	✓ D. $\frac{1}{m}$

Q.33	दिया गया है कि $x+y=4$, तथा $xy=2$ है, तो x^2+y^2 ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 14
	✓ B. 12
	✗ C. 10
	✗ D. 16

Q.34	₹10,279 को A, B और C के बीच इस तरह से विभाजित किया जाता है कि यदि उनके संबंधित हिस्सों से ₹67, ₹33 और ₹13 काट लिए जाएं, तो उनके पास 4 : 2 : 20 के अनुपात में धन बचता है। B और C के मूल हिस्सों के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. ₹7138
	✓ B. ₹7018
	✗ C. ₹7188
	✗ D. ₹6988

Q.35	दो पाइप, P और Q, एक टंकी को क्रमशः 37 मिनट 30 सेकंड और 45 मिनट में भर सकते हैं। दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाता है। यदि पाइप Q को x मिनट के बाद बंद कर दिया जाता है, तो टंकी ठीक 30 मिनट में पूरी तरह से भर जाती है। x का मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. 9
	✗ B. 8
	✗ C. 7
	✗ D. 12

Q.36	माध्यिका और माध्य के गुणनफल का वर्ग ज्ञात कीजिए, दिया गया है कि बहुलक 3 है और माध्य का $\frac{3}{2}$ गुना है।
Ans	✗ A. $189\frac{7}{9}$
	✓ B. $21\frac{7}{9}$
	✗ C. $18\frac{7}{9}$
	✗ D. $169\frac{7}{9}$

Q.37	यदि X और 147 का माध्यानुपाती 84 है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 49
	✗ B. 45
	✓ C. 48
	✗ D. 50

Q.38	यदि कोई लड़का 4 km/hr की चाल से दौड़ता है, तो उसे 25 m भुजा वाले वर्गाकार मैदान का एक पूरा चक्कर लगाने में कितने सेकंड लगेंगे?
Ans	✗ A. 100
	✓ B. 90
	✗ C. 70
	✗ D. 80

Q.39	A और B मिलकर एक काम को 3 दिनों में पूरा कर सकते हैं। B अकेले उसी काम को 12 दिनों में पूरा कर सकता है। A अकेले उस काम का दोगुना काम कितने समय (दिन में) में पूरा करेगा?
Ans	✗ A. 11
	✓ B. 8
	✗ C. 4
	✗ D. 9

Q.40	एक त्रिभुज की भुजाएं 87 cm, 108 cm, और 75 cm हैं। 108 cm लंबाई वाली भुजा के संगत इसके शीर्षलंब की लंबाई (cm में) कितनी होगी?
Ans	✗ A. 17
	✓ B. 60
	✗ C. 41
	✗ D. 24

Q.41	यदि किसी संख्या के $\frac{2}{3}$ के 10% का 20%, 697 है, तो संख्या ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. 52275
	✗ B. 56260
	✗ C. 52990
	✗ D. 52290

Q.42	एक व्यापारी ने एक सीलिंग फैन ₹391 में खरीदा। इसके अंकित मूल्य पर 31% की छूट देने के बाद भी उसे 68% का लाभ हुआ। सीलिंग फैन का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. ₹927
	✗ B. ₹994
	✗ C. ₹902
	✓ D. ₹952

Q.43	एक दीवार के सहारे टिकी हुई सीढ़ी है जिसका उन्नयन कोण 60° है और सीढ़ी का निचला पाद दीवार से 5.6 m दूर है। सीढ़ी की लंबाई ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 12.2 m
	✗ B. 10.2 m
	✗ C. 14.2 m
	✓ D. 11.2 m

Q.44	एक विक्रेता दो फल, सेब और केले बेचता है। एक सेब की कीमत ₹20 और एक केले की कीमत ₹10 है। रवि 6 फल खरीदता है और ₹80 का भुगतान करता है। उसने सेबों की तुलना में कितने अधिक केले खरीदे?
Ans	✗ A. 3
	✓ B. 2
	✗ C. 4
	✗ D. 1

Q.45	एक कक्षा के 30 विद्यार्थियों की औसत आयु 19 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 20 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।
Ans	✗ A. 54
	✓ B. 50
	✗ C. 52
	✗ D. 58

Q.46	एक फल विक्रेता ₹85/kg की दर से 10 kg सेब खरीदता है और उन्हें ₹100/kg की दर से बेचता है। उसका कुल लाभ कितना है?
Ans	✗ A. ₹180
	✗ B. ₹120
	✓ C. ₹150
	✗ D. ₹140

Q.47	₹2,500 की राशि पर 14% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है।
Ans	✔ A. ₹3,249
	✘ B. ₹2,877
	✘ C. ₹2,497
	✘ D. ₹3,184

Q.48	यदि P एक अभाज्य संख्या है, तो P तथा P + 1 का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।
Ans	✘ A. P2 + 1
	✘ B. P2 + P
	✔ C. 1
	✘ D. P

Q.49	एक त्रिभुज की भुजाएँ 34 cm, 18 cm और 20 cm हैं। 18 cm लंबाई वाली भुजा के संगत इसके शीर्षलंब की लंबाई कितनी है?
Ans	✘ A. 63 cm
	✔ B. 16 cm
	✘ C. 42 cm
	✘ D. 22 cm

Q.50	एक एथलेटिक ट्रैक एक आयत की आकृति बनाता है जिसके दो विपरीत सिरों पर अर्धवृत्त बने हैं। यदि सीधे भाग 100 मीटर लंबे हैं और ट्रैक का कुल परिमाप 400 मीटर है, तो प्रत्येक अर्धवृत्ताकार सिरे की त्रिज्या (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) कितनी है? ($\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करें)
Ans	✘ A. 30.23 मीटर
	✔ B. 31.82 मीटर
	✘ C. 33.73 मीटर
	✘ D. 32.43 मीटर

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51	उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं। NOK–JKG EFB–ABX
Ans	✘ A. TUQ–OQL
	✘ B. TTO–PQM
	✔ C. TUQ–PQM
	✘ D. TTO–OPL

Q.52	अक्षय बिंदु M से चलना प्रारंभ करता है और पूर्व की ओर 8 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है, 5 km ड्राइव करता है, बाएँ मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़ता है, 5 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु M के सापेक्ष बिंदु P कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में है? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)
Ans	✘ A. 6 km, दक्षिण की ओर
	✔ B. 7 km, दक्षिण की ओर
	✘ C. 3 km, उत्तर की ओर
	✘ D. 9 km, उत्तर की ओर

Q.53	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✗ A. TVW
	✗ B. EGH
	✗ C. OQR
	✓ D. BEE

Q.54	LR 9 एक निश्चित तरीके से PT 3 से संबंधित है। उसी तरह TS 13, XU 7 से संबंधित है। इसी तर्क का पालन करते हुए, GE 19 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?
Ans	✗ A. NJ 12
	✓ B. KG 13
	✗ C. BG 14
	✗ D. JK 11

Q.55	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं। कथन: कुछ मशीन, एंकर हैं। कुछ एंकर, पहिया हैं। निष्कर्ष: (I): कुछ मशीन, पहिया हैं। (II): सभी पहिया, एंकर हैं।
Ans	✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
	✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
	✓ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
	✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Q.56	निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएँ केवल एकल-अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की ओर की जानी चाहिए। (बाएँ) 8 8 2 9 1 9 7 2 9 5 9 3 6 4 9 7 2 2 2 7 4 5 8 1 7 9 9 (दाएँ) ऐसी कितनी विषम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद में भी एक विषम संख्या है?
Ans	✗ A. सात
	✓ B. छह
	✗ C. आठ
	✗ D. पाँच

Q.57	A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F के दाईं ओर तीसरे स्थान पर E बैठा है। E के बाईं ओर दूसरे स्थान पर B बैठा है। A के दाईं ओर दूसरे स्थान पर C बैठा है। C के ठीक दाईं ओर पड़ोस में D बैठा है। D के बाईं ओर से गिनने पर, E और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
Ans	✗ A. दो
	✓ B. एक
	✗ C. एक भी नहीं
	✗ D. चार

Q.58	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए? 24 41 58 75 92 ?
Ans	✗ A. 113
	✗ B. 117
	✗ C. 105
	✓ D. 109

Q.59	संख्या 6325894 में प्रत्येक अंक दाएं से बाएं अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। उन अंकों, जिनकी स्थिति मूल संख्या की तुलना में अपरिवर्तित रहती है, और सबसे छोटे अंक का योगफल ज्ञात कीजिए।
Ans	✓ A. 10
	✗ B. 17
	✗ C. 8
	✗ D. 12

Q.60	एक निश्चित कूट भाषा में, 'LAVS' को '3812' और 'VALE' को '1342' लिखा जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' का कूट क्या है?
Ans	✗ A. 1
	✗ B. 2
	✗ C. 3
	✓ D. 4

Q.61	यदि संख्या 1245367 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?
Ans	✓ A. दो
	✗ B. एक
	✗ C. तीन
	✗ D. एक भी नहीं

Q.62	NK 16 का संबंध एक निश्चित तरीके से QN 12 से है। उसी प्रकार, PS 20 का संबंध SV 16 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, BX 30 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?
Ans	✗ A. FB 26
	✗ B. EB 26
	✗ C. EA 34
	✓ D. EA 26

Q.63	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा? 517 520 525 532 541 ?
Ans	✗ A. 551
	✗ B. 553
	✓ C. 552
	✗ D. 554

Q.64	**उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।** **(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)** **(44, 52, 18)** **(50, 56, 22)**
Ans	✔ A. (30, 22, 19)
	✘ B. (41, 82, 1)
	✘ C. (19, 14, 13)
	✘ D. (42, 78, 4)

Q.65	**किसी निश्चित कूट भाषा में, 'door win king' को 'ab ap ly' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'win key mom' को 'dw tc ap' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'win' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?**
Ans	✘ A. ly
	✘ B. ab
	✔ C. ap
	✘ D. dw

Q.66	**अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?** **SWZ QUX OSV MQT ?**
Ans	✘ A. KOS
	✘ B. KPS
	✘ C. KPR
	✔ D. KOR

Q.67	**श्रीमान Z, बिंदु A से चलना शुरू करते हैं और दक्षिण की ओर 13 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं, और 15 km गाड़ी चलाते हैं, फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 27 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 31 km गाड़ी चलाते हैं। अंत में वह बाएं मुड़ते हैं, और 14 km गाड़ी चलाकर बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) तक और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)**
Ans	✘ A. 19 km, पश्चिम में
	✔ B. 16 km, पूर्व में
	✘ C. 17 km, पूर्व में
	✘ D. 18 km, दक्षिण में

Q.68	**निम्नलिखित संख्या, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। (सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)** **(बाएं) 3 @ © 6 5 € € 3 3 8 € % 2 7 6 # 7 * £ € 9 $ (दाएं)** **ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में भी एक संख्या है?**
Ans	✔ A. एक
	✘ B. तीन
	✘ C. एक भी नहीं
	✘ D. दो

Q.69	नीचे दी गई संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (नोट: सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।) (बाएं) % * 7 % € % 2 # € $ € © 9 5 6 # 9 & 6 % 7 & (दाएं) ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद एक प्रतीक है?
Ans	✗ A. 0
	✗ B. 2
	✓ C. 1
	✗ D. 3

Q.70	निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (बाएं) 5 2 3 6 9 5 1 4 7 8 5 2 3 (दाएं) ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद एक विषम अंक है?
Ans	✗ A. दो
	✓ B. एक
	✗ C. तीन
	✗ D. चार

Q.71	O, P, Q, R, W, X और Y एक सीधी पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। X के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। X और Q के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। O और P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। X के ठीक बाईं ओर पड़ोस में P बैठा है। Y के ठीक दाईं ओर पड़ोस में R बैठा है। पंक्ति के बाएं छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?
Ans	✗ A. P
	✓ B. W
	✗ C. O
	✗ D. Y

Q.72	A, B, C, E, F, P और Q एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के बाईं ओर चौथे स्थान पर A बैठा है। B के दाईं ओर चौथे स्थान पर P बैठा है। C के बाईं ओर से गिनने पर, C और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। P या B का निकटतम पड़ोसी E नहीं है। P का निकटतम पड़ोसी F नहीं है। Q के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?
Ans	✗ A. B
	✗ B. C
	✓ C. F
	✗ D. P

Q.73	सात डिब्बे B, D, E, P, S, T और W एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। W नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। W और B के बीच केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। P, W के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है। B और S के बीच केवल D रखा गया है। E, B के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। P और E के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?
Ans	✓ A. पाँच
	✗ B. चार
	✗ C. एक
	✗ D. तीन

Q.74	दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा? 256 258 262 268 ? 286
Ans	✗ A. 274
	✗ B. 278
	✓ C. 276
	✗ D. 280

Q.75	किसी निश्चित कूट भाषा में, P + Q का अर्थ है कि 'P, Q की माता है', P # Q का अर्थ है कि 'P, Q की पत्नी है', P & Q का अर्थ है कि 'P, Q का भाई है', P % Q का अर्थ है कि 'P, Q का पिता है'। यदि 'I # J % B & L + M' है, तो I का M से क्या संबंध है?
Ans	✗ A. माता की बहन
	✗ B. पिता की माता
	✓ C. माता की माता
	✗ D. पिता की बहन

Q.76	अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)
Ans	✓ A. TXT
	✗ B. HLG
	✗ C. EID
	✗ D. KOJ

Q.77	प्रीति अपनी कक्षा में ऊपर से छठे स्थान पर और नीचे से 12वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?
Ans	✓ A. 17
	✗ B. 19
	✗ C. 20
	✗ D. 16

Q.78	दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथन/कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं। कथन: कोई भी न्यायाधीश, लेखाकार नहीं हैं। कुछ लेखाकार, नर्स हैं। सभी नर्स, लाइब्रेरियन हैं। निष्कर्ष: (I) कोई भी न्यायाधीश, नर्स नहीं हैं। (II) कुछ लेखाकार, लाइब्रेरियन हैं।
Ans	✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
	✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
	✗ C. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं
	✓ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Q.79	यदि 'A' का अर्थ 'x' है, 'B' का अर्थ '÷'है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा? 16 B 4 D 8 A 3 C 28 = ?
Ans	✗ A. 10
	✓ B. 8
	✗ C. 6
	✗ D. 11

Q.80	निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा? FIM19 GJN26 HKO33 ILP40 ?
Ans	✓ A. JMQ47
	✗ B. JMR47
	✗ C. JMQ48
	✗ D. JMR48

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81	अगस्त 2025 में पेश किया गया संविधान संशोधन विधेयक जेल में बंद व्यक्तियों को निम्नलिखित में से कौन-सा पद धारण करने से रोकता है?
Ans	✓ A. प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों जैसी संवैधानिक भूमिकाएं
	✗ B. विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के प्रमुख
	✗ C. वरिष्ठ बैंक कार्यकारी भूमिकाएं
	✗ D. निजी निगमों के निदेशक

Q.82	निम्नलिखित में से किसने बीजगणितीय विश्लेषण और निरूपण सिद्धांत में योगदान के लिए 2025 एबेल पुरस्कार जीता?
Ans	✗ A. टेरेंस ताओ (Terence Tao)
	✗ B. फिलिप अघियन (Philippe Aghion)
	✓ C. मसाकी काशीवारा (Masaki Kashiwara)
	✗ D. जोएल मोकिर (Joel Mokyr)

Q.83	खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 का दूसरा चरण कहाँ आयोजित किया गया?
Ans	✗ A. मनाली
	✗ B. औली
	✓ C. गुलमर्ग
	✗ D. लेह

Q.84	नवंबर 2025 में, नरेंद्र मोदी ने भारत के एक क्रांतिकारी स्वदेशी नवाचार को देश की स्वदेशी क्वांटम सुरक्षा चिप के रूप में प्रस्तुत किया, जिसका नाम .... है।
Ans	✗ A. क्वांटम साइबर डिफेंस चिप (QCDC)
	✗ B. नेक्स्ट-जेन क्वांटम शील्ड चिप (NQSC)
	✗ C. इंडियन क्वांटम एन्क्रिप्शन मॉड्यूल (IQEM)
	✓ D. क्वांटम सिक्योरिटी इंटेग्रेटेड प्रोसेसर (QSIP)

Q.85	सितंबर 2025 में, भारतीय क्रिकेट टीम ने एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष और ______ के आंतरिक मंत्री से एशिया कप ट्रॉफी स्वीकार करने से इनकार कर दिया।
Ans	✗ A. बांग्लादेश
	✗ B. श्रीलंका
	✗ C. अफगानिस्तान
	✓ D. पाकिस्तान

Q.86	18 जून से 1 जुलाई 2025 तक कैंप लार्ज़ाक (Camp Larzac) में आयोजित, द्विपक्षीय भारत-फ्रांसीसी मिलिट्री ड्रिल का नाम क्या था?
Ans	✓ A. शक्ति 2025 (Shakti 2025)
	✗ B. त्रिशूल 2025 (Trishul 2025)
	✗ C. पृथ्वी 2025 (Prithvi 2025)
	✗ D. विकास 2025 (Vikas 2025)

Q.87	जी.एस. कृष्णन के अनुसार, भारत जैव अर्थव्यवस्था रिपोर्ट, 2025 में निम्नलिखित में से किन क्षेत्रों पर प्रकाश डाला गया है?
Ans	✗ A. बायोएग्री, बायोफार्मा, नवीकरणीय ऊर्जा और बायोमेडिकल
	✗ B. बायोएनर्जी, बायोइंडस्ट्रियल, बायोफार्मा और बायोसर्विसेज
	✓ C. बायोफार्मा, बायोइंडस्ट्रियल, बायोएग्री और बायोसर्विसेज
	✗ D. बायोफार्मा, बायोएग्री, बायोसर्विसेज और रोबोटिक्स बायोटेक

Q.88	TERI द्वारा आयोजित विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 2025 का 24वां संस्करण __________ में शुरू हुआ।
Ans	✗ A. मुंबई
	✗ B. बेंगलुरु
	✗ C. हैदराबाद
	✓ D. नई दिल्ली

Q.89	येल प्रोग्राम ऑन क्लाइमेट चेंज कम्युनिकेशन और सीवोटर (CVoter) द्वारा 5 दिसंबर, 2024 से 18 फरवरी, 2025 तक किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, पिछले 12 माह में कितने प्रतिशत भारतीयों ने गंभीर वायु प्रदूषण का अनुभव किया?
Ans	✗ A. 62%
	✓ B. 52%
	✗ C. 80%
	✗ D. 73%

Q.90	नेशनल फाइनाइट एलीमेंट डेवलपर्स की बैठक के निम्नलिखित में से किस संस्करण के दौरान, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने फरवरी 2025 में फाइनाइट एलीमेंट एनालिसिस ऑफ स्ट्रक्चर्स (FEAST) सॉफ्टवेयर के नवीनतम संस्करण का अनावरण किया?
Ans	✓ A. आठवें
	✗ B. दसवें
	✗ C. चौथे
	✗ D. छठे

Q.91	किस एथलीट ने पुरुषों की 5000 m दौड़ 12:45.27 समय में पूरा करके नया अमेरिकन आउटडोर रिकॉर्ड स्थापित किया?
Ans	✓ A. निको यंग (Nico Young)
	✗ B. कोल हॉकर (Cole Hocker)
	✗ C. यारेड नुगुस (Yared Nuguse)
	✗ D. ग्रांट फिशर (Grant Fisher)

Q.92	अखिल भारतीय महापौर कार्यकारी परिषद की 115वीं बैठक 15-16 जून 2025 को किस शहर में आयोजित की गई?
Ans	✔ A. पंचकूला
	✗ B. आगरा
	✗ C. नई दिल्ली
	✗ D. मुंबई

Q.93	2023 नियुक्ति अधिनियम के नए प्रावधानों के तहत 19 फरवरी 2025 को भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में किसने कार्यभार संभाला?
Ans	✔ A. ज्ञानेश कुमार
	✗ B. अनूप चंद्र पांडे
	✗ C. सुखबीर सिंह संधू
	✗ D. राजीव कुमार

Q.94	अरुणाचल प्रदेश के किस जिले में 2025 में खेलो इंडिया बहुउद्देशीय हॉल का उद्घाटन किया गया?
Ans	✗ A. तवांग
	✗ B. ईटानगर
	✗ C. लोहित
	✔ D. कामले

Q.95	मार्च 2025 में, किन तीन मध्य एशियाई देशों ने सीमा विवादों को निपटाने के लिए खुजंद संधि (Khujand Treaty) पर हस्ताक्षर किए?
Ans	✗ A. तुर्कमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान
	✗ B. कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान
	✗ C. कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान
	✔ D. ताजिकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान

Q.96	निम्नलिखित में से किस वित्तीय निकाय ने वित्त वर्ष 2025 में 353 विनियमित संस्थाओं पर ₹54.78 करोड़ का जुर्माना लगाया?
Ans	✗ A. नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI)
	✔ B. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI)
	✗ C. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI)
	✗ D. NSDL पेमेंट्स बैंक

Q.97	निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने आधार प्रमाणीकरण (Aadhaar authentication) अनुरोधों के लिए अनुमोदन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और आधार को अधिक लोगों के अनुकूल बनाने, जीवन को आसान बनाने और लोगों के लिए सेवाओं तक बेहतर पहुंच को सक्षम करने के लिए आधार सुशासन पोर्टल (Aadhaar Good Governance Portal) का शुभारंभ किया है?
Ans	✔ A. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
	✗ B. कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
	✗ C. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
	✗ D. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

Q.98	2025 एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप कहाँ आयोजित की गई थी?
Ans	✗ A. भारत
	✗ B. चीन
	✗ C. बांग्लादेश
	✔ D. दक्षिण कोरिया

Q.99	SBM बैंक इंडिया ने मई 2025 में निम्नलिखित में से किस कंपनी के साथ बैंकएश्योरेंस साझेदारी (bancassurance partnership) की?
Ans	✔ A. आईसीआईसीआई (ICICI) प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस
	✘ B. एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
	✘ C. लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया
	✘ D. कोटक लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

Q.100	विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र की जुलाई 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के सभी बड़े शहरों - जिनमें कोलकाता, बेंगलुरु, मुंबई, हैदराबाद और चेन्नई शामिल हैं - में 2025 की गर्मियों के दौरान किस प्रदूषक की उच्च सांद्रता देखी गई?
Ans	✔ A. भू-स्तरीय ओजोन
	✘ B. नाइट्रोजन ऑक्साइड
	✘ C. वाष्पशील कार्बनिक यौगिक
	✘ D. काला कार्बन

"